मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश।

टॉवर-2 पुलिस मुख्यालय, गोमतीनगर विस्तार लखनऊ-226002

परिपत्र संख्याःडीजी-45/2019

दिनॉकःसितम्बर 29 ,2019

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष,
पुलिस विभाग, उत्तर प्रदेश।

जैसा कि आप सभी अवगत हैं कि प्लास्टिक एवं पॉलीथीन के बढ़ते उपयोग से पर्यावरण एवं मानव जीवन पर बहुत अधिक प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। यह ऐसे पदार्थ हैं, जो हजारों साल तक नष्ट नहीं होते हैं। प्लास्टिक एवं पॉलीथीन का निर्माण सुविधा के लिये किया गया था, किन्तु इसकी अधिकता से अब पृथ्वी के सभी जीवों के साथ ही जीवन के लिए जरूरी घटकों पर भी दुष्प्रभाव पड़ रहा है। यह एक धीमे जहर की तरह है, जिससे कैंसर जैसी गम्भीर बीमारियॉं भी हो सकती हैं तथा यह मानव जीवन के पतन का कारण भी बन सकता है। प्लास्टिक जनित प्रदूषण को रोकने के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार भी प्रयासरत् है। ऐसी स्थिति में सामाजिक उत्थान हेतु हम अपने उत्तरदायित्वों की कड़ी में इसे भी जोड़ते हुए आपसे यह अपेक्षा करते हैं कि पुलिस विभाग के सभी परिसरों एवं कार्यालयों को प्लास्टिक एवं पॉलीथीन से मुक्त बनाने में अपना अमूल्य योगदान दें। इस सम्बन्ध में पूर्व में भी आपसे प्लास्टिक एवं पॉलीथीन के उपयोग पर अंकुश लगाने की अपेक्षा की जा चुकी है।

उक्त प्रयोजन हेतु आपसे निम्न प्रकार कार्यवाही की अपेक्षा की जाती है:-

1. प्लास्टिक से बनी वस्तुओं एवं पॉलीथीन का उपयोग न करें।
2. प्लास्टिक से बनी हुई ऐसी वस्तुओं के प्रयोग से बचें जिन्हें एक बार प्रयोग में लिये जाने के बाद फेंकना पड़े।
3. प्लास्टिक की जगह कपड़े, कागज और जूट से बने थैलों का प्रयोग करें।
4. जब भी आप कोई वस्तु खरीदने जायें तो थैला अपने साथ लेकर जायें, ताकि प्लास्टिक की थैलियों की आवश्यकता न पड़े।
5. प्लास्टिक को स्वयं नष्ट करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए क्योंकि इससे प्रदूषण को बढ़ावा मिलता है।

इस वर्ष पूरा देश राष्ट्रपिता महात्मा गॉंधी की 150वीं जयन्ती मना रहा है। ऐसे में हम दृढ़ प्रतिज्ञ होकर यह संकल्प लें कि अपने आस-पास के परिसर को स्वच्छ रखते हुये प्लास्टिक एवं पॉलीथीन से बनी वस्तुओं का प्रयोग नहीं करेंगे। मेरा पूर्ण विश्वास है कि यदि हम यह अनुकरणीय कार्य करते हैं तो इससे न केवल पुलिस विभाग की अच्छी छवि प्रदर्शित होगी, बल्कि हमसे प्रेरित होकर समाज के अन्य लोग भी समाज के लिए घातक प्लास्टिक एवं पॉलीथीन का परित्याग करेंगे।

(ओ0पी0 सिंह)
पुलिस महानिदेशक,
उत्तर प्रदेश।

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. समस्त राजपत्रित अधिकारी, मुख्यालय, पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0।
2. समस्त अनुभाग अधिकारी/गोपनीय सहायक एवं शाखा प्रभारी, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0।

Scanned by CamScanner